NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com

वर्ष:05, अंक:-43, पृष्ठ: 12 | मंगलवार, 19 अगस्त, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# रूस-यूक्रेन में फिलहाल सीजफायर नहीं

## ट्रम्प-जेलेंस्की की मुलाकात : यूक्रेन सिक्योरिटी गारंटी के बदले 8 लाख करोड़ के अमेरिकी हथियार खरीदेगा

**वाशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और यूरोपीय लीडर्स के साथ मीटिंग की। इसमें रूस-यूक्रेन के बीच सीजफायर पर सहमति नहीं बनी। ट्रम्प ने कहा कि फिलहाल इतनी जल्दी सीजफायर संभव नहीं है। हालांकि, मीटिंग में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर चर्चा हुई। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय देश मिलकर इस पर काम करेंगे। वहीं, रूसी राष्ट्रपति ऑफिस (क्रेमलिन) ने बताया कि ट्रम्प ने मीटिंग रोककर पुतिन से फोन पर 40 मिनट बात की।



इस दौरान पुतिन ने रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधियों के बीच सीधे बातचीत का समर्थन किया। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने बताया कि ट्रम्प के साथ फोन पर बातचीत के दौरान पुतिन 15 दिन के भीतर जेलेंस्की से मुलाकात को राजी हो गए।

मीटिंग के बाद जेलेंस्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि यूक्रेन सुरक्षा गारंटी के बदले यूरोप के पैसों से 90 अरब डॉलर (करीब 8 लाख करोड़ रुपए) के अमेरिकी हथियार खरीदेगा।

**रूस और यूरोप के बीच तत्काल युद्धविराम की मांग पर टकराव**

युद्धविराम की मांग पर यूरोप और रूस के बीच अभी भी मतभेद है। व्हाइट हाउस में चर्चा के बाद, यूरोपीय नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि रूस और यूक्रेन के बीच सार्थक बातचीत से पहले युद्धविराम होना आवश्यक है।

जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने एक्स पर लिखा असली बातचीत केवल उसी मीटिंग में हो सकती है जिसमें यूक्रेन भी भाग ले। ऐसी मीटिंग तभी संभव है जब हथियार थम जाएं। मैंने आज एक बार फिर यह माँग दोहराई है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बैठकों के बाद यही बात कही।

रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ अलास्का मीटिंग के बाद ट्रम्प के यूक्रेन में तत्काल युद्ध विराम की आवश्यकता पर दिए गए बयान को पलटना यूरोपीय नेताओं के लिए एक झटका था।

### पुतिन-जेलेंस्की दो हफ्ते में मिलेंगे

जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने बताया कि राष्ट्रपति पुतिन ने ट्रम्प के साथ फोन पर बातचीत के दौरान यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से अगले दो हफ्ते में मुलाकात की हामी भरी है। मर्त्ज ने कहा कि इस मुलाकात की जगह अभी तय नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि इस बैठक की अच्छे से तैयारी करनी होगी, लेकिन उन्हें नहीं पता कि पुतिन इसमें शामिल होने की हिम्मत करेंगे या नहीं।

## एनडीए संसदीय दल की बैठक में राधाकृष्णन का स्वागत, पीएम ने विपक्ष से की समर्थन की अपील



राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का मंगलवार को सत्तारूढ़ दल के सांसदों की एक बैठक में अभिनंदन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के कई सहयोगियों सहित उनके शीर्ष नेताओं ने राधाकृष्णन का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी नेताओं खासकर विपक्ष से राजग उम्मीदवार के लिए समर्थन मांगा। राधाकृष्णन बुधवार को अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नडीए संसदीय दल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, 'उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का बैठक में परिचय कराया गया।

## राज्यसभा में वोटर वेरिफिकेशन पर हंगामा

**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्यसभा में वोटर वेरिफिकेशन और वोट चोरी के आरोप पर मंगलवार को भी जमकर हंगामा हुआ। राज्यसभा की कार्यवाही बमुश्किल 5 मिनट ही चली। इसके बाद कार्यवाही को उपसभापति ने दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दिया।



उधर, लोकसभा में ऐसे हालात रहे। यहां भी कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने हंगामा और नारेबाजी की। सदन में नारेबाजी के बीच स्पीकर ओम बिरला ने प्रश्नकाल चलाने की कोशिश की। कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कुछ सवालों के जवाब भी दिए, लेकिन हंगामा रुका नहीं।

आखिर में कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई। इससे पहले सदन के बाहर तेलंगाना कांग्रेस के नेताओं ने राज्य में यूरिया की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इसमें प्रियंका गांधी भी शामिल हुईं।

### जालंधर में भीषण सड़क हादसा

## बस ने छोटा हाथी को मारी टक्कर महिला सहित तीन की दर्दनाक मौत

**जालंधर।** जिले एक दर्दनाक सड़क हादसे ने सबको झकझोर कर रख दिया। दिल्ली से आ रही पंजाब रोडवेज की एक बस जब कपूरथला रोड स्थित सेठ हुक्म चंद कॉलोनी के पास पहुंची, तभी ड्राइवर को अचानक नींद आ गई। नींद की झपकी ने बस को बेकाबू कर दिया और वह सड़क के दूसरी ओर चली गई। सामने से आ रहे एक टेम्पो (छोटा हाथी), जिसमें एक महिला और दो युवक सवार थे, बस से सीधी टक्कर में टेम्पो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों के शव टेम्पो में बुरी तरह फंसे हुए थे, जिन्हें गैस कटर की मदद से बाहर निकाला गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बस को कब्जे में ले लिया गया है।



# भारी बारिश ने थामी मुंबई की रफ्तार

## सड़क से लेकर हवाई यातायात तक प्रभावित; जलभराव से हाल बेहाल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में कई हिस्सों में बारिश से बुरा हाल है। मुंबई में तो हालात बद से बदतर हो गए हैं। शहर के कई हिस्सों में बारिश का दौर जारी है। इस वजह से स्कूल कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। बीएमसी ने सरकारी, अर्ध-सरकारी कार्यालय बंद रखने के निर्देश जारी कर दिए हैं। निजी कंपनियों से अपील की गई है कि वे 19 अगस्त को कर्मचारियों को घर से काम करने की अनुमति दें। भारी बारिश और जगह-जगह जलभराव की वजह से सड़क यातायात बुरे तरह प्रभावित हुए हैं। लोकल ट्रेनें भी देरी से चल रही हैं। मौसम की मार हवाई यातायात पर भी पड़ी है। इंडिगो समेत कई एयरलाइंस ने एडवाइजरी जारी कर दी है। इंडिगो एयरलाइंस ने ट्वीट में लिखा, 'मुंबई में भारी बारिश के कारण हवाई अड्डे के





कई मार्गों पर जलभराव और यातायात धीमा हो गया है। इसके कारण परिचालन संबंधी चुनौतियां पैदा हुई हैं, जिससे प्रस्थान और आगमन दोनों में देरी हो रही है। हमें इससे होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

लगातार हो रही बारिश और आईएमडी की ओर से जारी 'रेड अलर्ट' की चेतावनी के मद्देनजर मुंबई में स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। आईएमडी ने मंगलवार को मुंबई और आसपास के शहरों में अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश का अनुमान जताया है। उच्च शिक्षा निदेशालय ने भारी बारिश के मद्देनजर महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र के सभी वरिष्ठ कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी है। यह आदेश पालघर, ठाणे, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के कॉलेजों पर लागू होता है। मुंबई में भारी बारिश के एक दिन बाद मंगलवार को भी लोगों को बारिश के कहर से राहत नहीं मिली। कई सड़कें जलमग्न हो गईं। सुबह से ही यातायात बाधित रहा। लोकल ट्रेन सेवाओं में भी देरी हुई और बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन (बेस्ट) उपक्रम की बस सेवाओं का मार्ग कुछ स्थानों पर परिवर्तित किया गया। बोरीवली, अंधेरी, सायन, दादर और चेंबूर सहित शहर के कई हिस्सों में रात भर भारी बारिश हुई। यहां सुबह भी बारिश जारी रही, जिसके कारण गांधी मार्केट सहित निचले इलाकों में जलभराव हो गया।

## स्कूल में कक्षा 9 के छात्र ने किया 10वीं के छात्र का मर्डर



**गाजीपुर।** शहर कोतवाली इलाके के महराजगंज स्थित सनबीम स्कूल में सोमवार की सुबह 10 बजे कक्षा नौ के छात्र ने फल काटने वाले चाकू से हमला कर दसवीं के छात्र आदित्य वर्मा (15) की हत्या कर दी। चाकूबाजी में आरोपी सहित तीन छात्र घायल हो गए।

सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने वारदात स्थल से चाकू बरामद किया है। जो आरोपी छात्र पानी की बोतल में छिपाकर लाया था। पुलिस के साथ ही फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज जब्त कर लिए हैं। पुलिस वारदात की असली वजह तलाशने में जुटी है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक, 15 अगस्त को छात्रों के दो गुटों में विवाद हुआ था, लेकिन विवाद की वजह क्या थी, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। उधर, पोस्टमार्टम में आदित्य के शरीर पर चाकू के चार घाव मिले हैं। घटना के बाद प्रबंधन ने स्कूल में छुट्टी कर दी। शाम को आदित्य के पिता की तहरीर पर दो छात्रों पर हत्या का केस दर्ज किया गया है। दोनों नाबालिग हैं। आरोपी छात्र के पिता निजी क्लीनिक चलाते हैं। कोतवाली पुलिस ने स्कूल से सीसीटीवी कैमरे का वीडियो फुटेज जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक, चाकू मारे जाने के बाद खून से लथपथ आदित्य शौचालय से बाहर निकल अपनी कक्षा की ओर लड़खड़ाते हुए जाते दिख रहा है। इस बीच एक शिक्षिका कक्षा से निकलती है और आदित्य का सिर अपनी गोद में रख लेती है। शौचालय में हुई चाकूबाजी में यूसुफपुर निवासी नमन जायसवाल (14), गाजीपुर घाट निवासी अभिनव तिवारी (15) और आरोपी छात्र घायल हुए हैं। घायल आदित्य, नमन और आरोपी छात्र को करीब 10 बजे मेडिकल कॉलेज स्थित जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने आदित्य वर्मा को मृत घोषित कर दिया।

## दो बेटियों को यमुना में फेंक युवक ने लगाई छलांग, तीनों लापता

**उरई।** जिले में कई दिनों से मायके में रह रही पत्नी ने जब घर लौटने से इन्कार कर दिया तो गुस्साए पति ने आत्मघाती कदम उठा लिया। रविवार रात रज्जन निषाद (35) की फोन पर पत्नी से कहासुनी हो गई, इससे खफा रज्जन सोमवार सुबह करीब 10 बजे तीन मासूम बेटियों सुनैना (7), अला (5) और बाबू (2) को लेकर रामपुरा के जुहीखा पुल पर पहुंच गया। अला, बाबू को यमुना नदी में फेंकने के बाद खुद भी छलांग लगा दी। पहले बड़ी बेटी पिता का हाथ छुड़ाकर भाग गई, उसी ने लोगों को घटना की जानकारी दी। रात आठ बजे तक एसडीआरएफ की टीम तीनों की तलाश नदी में करती रहीं लेकिन उनका कोई पता नहीं चला।




पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश से यमुना का जलस्तर बढ़ गया है। इसके चलते हरियाणा के यमुनानगर में स्थित हथिनीकुंड बैराज के सभी 18 गेट खोल दिए गए हैं। नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है और दिल्ली-एनसीआर पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। वहीं, मौसम विभाग ने हरियाणा और पंजाब के कई इलाकों में इस हफ्ते भारी बारिश की चेतावनी दी है। इससे संकट गहराने के आसार हैं। यमुना नदी सोमवार को दोपहर बाद खतरे का निशान पार कर गई है।

# शुभांशु शुक्ला ने पीएम मोदी से की मुलाकात


**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में जाकर इतिहास रचने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने सोमवार शाम को पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी को अंतरिक्ष यात्रा के बारे में जानकारी दी। पीएम मोदी ने गले लगाकर शुभांशु शुक्ला का हौसला बढ़ाया। साथ ही उनकी उपलब्धि की सराहना की। इस दौरान शुभांशु शुक्ला ने पीएम मोदी को अंतरिक्ष यात्रा और उनके अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने पीएम मोदी को अपने प्रयोगों से भी अवगत कराया।



पीएम मोदी ने शुभांशु शुक्ला का गर्मजोशी से स्वागत किया। वे उनके कंधे पर हाथ रखकर उनके साथ चले। इस दौरान शुभांशु शुक्ला ने प्रधानमंत्री को एक्सिओम-4 मिशन का मिशन पैच और वह भारतीय तिरंगा भेंट किया जो वे अपने साथ आईएसएस ले गए थे। शुभांशु ने प्रधानमंत्री मोदी को टैबलेट पर आईएसएस से ली गई तस्वीरें भी दिखाईं। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि शुभांशु शुक्ला के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने अंतरिक्ष में उनके अनुभवों, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति के साथ-साथ भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन सहित कई विषयों पर चर्चा की। भारत को उनकी उपलब्धि पर गर्व है। शुभांशु की करीब एक साल बाद वतन वापसी हुई है। आईएसएस जाने के लिए उन्होंने लगभग एक साल तक अमेरिका में प्रशिक्षण लिया। शुभांशु के साथ ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर भी भारत लौटे, जिन्हें एक्सिओम-4 मिशन के लिए बैकअप अंतरिक्ष यात्री के तौर पर चुना गया था। शुभांशु के सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी से मिलने और फिर अपने गृहनगर लखनऊ जाने की उम्मीद है। इसके बाद वह 22-23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के समारोह में भाग लेने के लिए राजधानी लौटेंगे।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा ब्रज
www.nnindianews.com
मंगलवार, 19 अगस्त, 2025


# नंदोत्सव की धूम...नंदगांव में गूंजे बधाई गीत, हर ओर उल्लास का रंग

सजि धजि आय गए नंद के आंगन, गाय रहे गोप बधायौ है, आनंद हू आय रहयौ, आनंद हू छाय रहयौ, आनंद हू गाय रहयौ, जै जै नौनिहाल की..., बाजे बाजे री बधाइयां नंदगांव, मगन सब नर नारी। सोमवार को नंदगांव की गलियां इसी आनंदमय गीत की गूंज से सराबोर थीं। नंदभवन में बालकृष्ण के जन्म की खुशियां (नंदोत्सव) मानो धरती पर उतर आई थीं। सज-धजकर पहुंचे ग्वालों और भक्तों की भीड़, माथे पर चंदन लगाए गोप, बधाई गीत गाते समाजी, हर ओर उल्लास का रंग बिखरा था। सुबह करीब 10 बजे बरसाना के गोप जब बरसाना से नंदगांव पहुंचे तो उनका भव्य स्वागत हुआ। जगमोहन में नंदगांव-बरसाना के समाजियों ने मिलकर बधाई गीत गाए। तीन घंटे तक चले इस समाज गायन के बीच जब हम तौ यारो लेते नहीं हीरा मोती लाल, हम फरजंद इश्क घूमें हैं बड़े मस्त हाल, गाया गया तो लोगों के मुख से वाह-वाह निकल पड़ी।

## 12वीं की छात्रा की हत्या खेत में गला रेता हुआ मिला



एनएनआई

**फिरोजाबाद।** जिले में 12 वीं की छात्रा की गला रेतकर हत्या कर दी गई। मंगलवार सुबह उसका शव गांव के बाहर एक खेत में मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मामला जसराना क्षेत्र के नगला जाट गांव का है।

किशोरी की पहचान नेहा (17) पुत्री इंद्रपाल के रूप में हुई। जो कक्षा 12 की छात्रा है। सोमवार की रात पूरे घर के साथ खाने के बाद सोने चली गई। मंगलवार की सुबह नेहा का रक्तरंजित शव दिनोलीझगोरवा मार्ग पर स्थित एक खेत में मिला।

घटना की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पर एसपी ग्रामीण त्रिगुण विशेन, सीओ जसराना और थाना अध्यक्ष शेर सिंह जसराना मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस जांच में यह स्पष्ट हुआ कि किशोरी की गला रेतकर हत्या की गई थी। शव खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग को हत्या की वजह माना जा रहा है। हालांकि, वास्तविक कारण पुलिस की गहन जांच के बाद ही सामने आ पाएगा। मृतका के परिवार के बारे में जानकारी मिली है कि नेहा दो बहनों में छोटी थी। उसकी बड़ी बहन की शादी हो चुकी है और वह इन दिनों मायके में रह रही है। इसके अलावा नेहा का एक छोटा भाई भी है।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा राज**

एसपी ग्रामीण त्रिगुण विशेन ने बताया कि शव की स्थिति और गले से बहते खून को देखकर साफ है कि हत्या बेहद निर्मम तरीके से की गई है। हत्यारों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से हत्या के समय और अन्य तथ्यों की पुष्टि होने की उम्मीद है।

## हाथरस का दाऊजी महाराज मेला 27 अगस्त से

एनएनआई

**हाथरस।** हाथरस में ब्रज क्षेत्र के प्रसिद्ध मेला श्री दाऊजी महाराज का आयोजन 27 अगस्त से शुरू होगा। अलीगढ़ की एक फर्म ने 1 करोड़ 1 लाख रुपए में मेले का ठेका लिया है। इस बार मेले को राजकीय दर्जा दिया गया है। हाथरस और ब्रज क्षेत्र का यह प्रसिद्ध मेला 15 दिन तक चलता है। मेले में रात्रि में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। सात दिन तक विशाल



कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाता है।

इसके अतिरिक्त मुशायरा, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, कव्वाली, ख्याल, पंजाबी दरबार और संगीत सम्मेलन जैसे कार्यक्रम होते हैं। मेला किला राजा दयाराम और मंदिर श्री दाऊजी महाराज परिसर में आयोजित होता है। विभिन्न समाज के लोग अपने शिविर लगाते हैं। इन शिविरों में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। मेले की व्यवस्था प्रशासन के नियंत्रण में रहती है।

**15 दिन तक धूम रहेगी मेले की**

अधिकारियों ने मेला स्थल का कई बार निरीक्षण किया है। एक शताब्दी से चल रहे इस मेले में खेल-तमाशे के कलाकार भी आते हैं। मेले के दौरान 15 दिन तक शहर में विशेष रौनक रहती है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**हाथरस** एनएनआई। हसायन कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसा हुआ। हसायन कोतवाली क्षेत्र में रति का नगला के पास एक ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक की पहचान एटा के जलेसर क्षेत्र के इब्राहिम नगर निवासी पुष्पेंद्र उर्फ सोनू (22) के रूप में हुई। वह प्रमोद कुमार का पुत्र था। सोनू रति का नगला में एक फैक्ट्री में काम करता था। घटना रात को हुई जब सोनू फैक्ट्री से घर लौट रहा था। रति का नगला से करीब 1 किलोमीटर दूर हसायन की ओर ट्रैक्टर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। अविवाहित सोनू की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। गांव में भी शोक की लहर है।

## भागवत कथा सुनने मथुरा आए गुजरात के श्रद्धालु की मौत, होटल के बाथरूम में मिला शव

एनएनआई



**मथुरा।** भागवत कथा सुनने के लिए परिवार संग 10 अगस्त को गोकुल आए गुजरात के श्रद्धालु की सोमवार सुबह संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु हो गई। वह होटल के बाथरूम में मृत पड़े मिले। उनके गाल पर चोट के निशान थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस प्रथमदृष्टया मृत्यु का कारण हार्ट अटैक मान रही है।

अहमदाबाद के थाना सानंद के भारवाड़वांस निशाल जुड़जुवैला निवासी 52 वर्षीय घनश्याम भारवाड़ अपने परिवार के साथ 10 अगस्त को गोकुल में टाटंबरी आश्रम में होने वाली भागवत कथा सुनने को आए थे। उन्होंने ररसखान समाधी के पास रमणरेती स्थित हरजेंद्र पैलेस में कमरा लिया था। इसमें वह पत्नी, बेटी आदि के साथ ठहरे हुए थे। स्वजन ने बताया कि सोमवार सुबह को घनश्याम बाथरूम में तैयार होने के लिए गए थे। काफी देर तक वह बाहर नहीं निकले। स्वजन ने आवाज लगाई, लेकिन कोई हलचल नहीं हुई। होटल कर्मियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बाथरूम का दरवाजा खोला तो घनश्याम जमीन पर पड़े हुए थे। उनके गाल पर चोट के निशान थे। पुलिस ने उनको अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

स्वजन ने बताया कि घनश्याम भारवाड़ मधुमेह रोग से पीड़ित थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर जांच शुरू कर दी है। महावन थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि बाथरूम में गिरने से वॉश बेसिन आदि लगने से मृतक के गाल पर चोट के निशान आए हैं। प्रथमदृष्टया मृत्यु का कारण हार्ट अटैक आना प्रतीत हो रहा है।

न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर ख़बर पर पक्की नज़र



## संपादकीय

# अलास्का में ट्रंप पर भारी पड़े पुतिन!

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का में बेनतीजा बताई जा रही बहुप्रतीक्षित बैठक में दुनिया भर के देशों को परेशान करने वाले ट्रंप को पुतिन ने एक बड़ा सबक भी सिखा दिया कि आप बातचीत से पहले ही बार-बार धमकाने वाला बयान देकर किसी देश को झुका नहीं सकते हैं।अमेरिकी प्रोटोकॉल के मुताबिक, उनकी धरती पर जब कोई विदेशी राष्ट्राध्यक्ष संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस करते हैं तो उसमें पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बोलते हैं और इसके बाद मेहमान नेता बोलते हैं। लेकिन इस बार संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस की शुरूआत ट्रंप ने नहीं बल्कि पुतिन ने की। अंत में ट्रंप ने जैसे ही पुतिन से कहा कि जल्द मिलेंगे वैसे ही तुरंत अंग्रेजी में बोलते हुए पुतिन ने कहा, 'नेक्स्ट टाइम इन मॉस्को'। यानी यूक्रेन सहित अन्य मुद्दों पर रूस को मनाने के लिए अब डोनाल्ड ट्रंप को उनकी राजधानी मॉस्को की धरती पर जाना पड़ेगा। रूसी राष्ट्रपति ने ट्रंप की मौजूदगी में पश्चिमी देशों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि शांति प्रक्रिया में किसी तरह की बाधा या नुकसान न पहुंचाया जाए। व्हाइट हाउस में कई विदेशी राष्ट्राध्यक्ष को अपने बगल में बैठाकर बेइज्जत करने वाले ट्रंप के लिए पुतिन के ये तेवर किसी बड़े झटके से कम नहीं थे। पुतिन ने अपने बयानों से ट्रंप सहित पूरी दुनिया को बता दिया कि रूस-यूक्रेन लड़ाई का मूल कारण अमेरिका और नाटो देशों द्वारा यूक्रेन को भड़का कर उसका इस्तेमाल रूस के खिलाफ करने की साजिश है। उन्होंने अपने बयानों से यह स्पष्ट कर दिया कि लड़ाई रोकने के लिए अमेरिका को हर हाल में रूस के खिलाफ रचे जा रहे षड्यंत्रों को रोकना ही होगा। आखिर में ट्रंप को भी यह कहना पड़ा कि कोई समझौता तब तक नहीं होता, जब तक असल में समझौता नहीं हो जाता और हम वहां तक नहीं पहुंचे। इसका संकेत है कि यूक्रेन युद्ध के सिलसिले में पुतिन अपनी राय पर अमेरिकी दल की सहमति हासिल करने में सफल रहे। ट्रंप ने कहा कि सबने यह तय किया कि रूस और यूक्रेन के बीच भयानक युद्ध को खत्म करने का सबसे अच्छा तरीका सीधे ऐसे शांति समझौते पर जाना है, जिससे सिर्फ युद्धविराम ना हो, बल्कि जंग खत्म हो। गुजरे लगभग साढ़े तीन साल में व्लादीमीर पुतिन प्रशासन ऐसे शांति समझौते पर जोर देता रहा है, जिससे युद्ध के मूल कारणों का निवारण हो। जबकि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदीमीर जेलेन्स्की और उनके समर्थक यूरोपीय नेता युद्धविराम से शुरुआत करने के पैरोकार रहे हैं। अब मुद्दा है कि क्या जेलेन्स्की ट्रंप और पुतिन के बीच बनी सहमति पर मुहर लगाएंगे और क्या उसके आधार पर सीधे पुतिन से वार्ता के लिए राजी होंगे? ऐसा होता है, तो इसे रूस की जीत के रूप में देखा जाएगा। साथ ही यह ट्रंप कालीन अमेरिकी कूटनीति की सफलता होगी, जिसमें यूरोपीय देशों की भूमिका अप्रसांगिक हो जाएगी। लेकिन जेलेन्स्की सहमत नहीं हुए, तो उससे ट्रंप की प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचेगी और साथ ही नाटो खेमे में बड़ी हलचल मच सकती है। यानी घटनाएं चाहे जो मोड़ लें, वो रूस के दीर्घकालिक उद्देश्यों के अनुकूल होंगी। पुतिन के लिए लाल कालीन बिछा कर ट्रंप पहले ही पश्चिमी जगत में उनका परायापन खत्म कर चुके हैं। वैसे, यह कुल मिलाकर दुनिया पर घट रहे अमेरिकी प्रभाव की निशानी है, जिसमें ये महाशक्ति अब अपने मनमाफिक समाधान नहीं थोप पा रही है। ट्रंप ने पहले कार्यकाल में उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग-उन से दोस्ती साधी थी और अब दूसरे कार्यकाल में पहले दिन से अब तक वे राष्ट्रपति पुतिन को सखा बताते हुए उन्हे वह सब दे रहे है जो उनके सहयोगी योरोपीय देशों के लिए सदमे से कम नहीं है। तभी आश्चर्य नहीं जो अलास्का में ट्रंप-पुतिन की आलस्का की बातचीत से निकला कुछ नहीं लेकिन पुतिन विजयी हो कर घर लौटे। उन्होंने अगली मुलाकात के लिए ट्रंप को मास्को आने का न्यौता दिया तो यह भी कहा कि यदि ट्रंप राष्ट्रपति बने रहते है तो वे युक्रेन से लड़ते ही नहीं। सो अलास्का से दुनिया को कहीं गहरा नतीजा मिला है। एक तरह से नई विश्व-व्यवस्था की बेरहम सच्चाई। ट्रंप की दुनिया में रूस की औकात बढ़ रही है, निरंकुश शासकों की संगत हावी हो रही है। कह सकते है इससे खुद अमेरिका की दिशा, औकात, उसकी नैतिक आभा सबकुछ उसके राष्ट्रपति, एक आदमी के अहंकार में सिमटती जा रही है। यह पुतिन के लिए भू-राजनीतिक तोहफा था। वर्षों से उनकी नीति यही रही है,शीतयुद्ध के बाद की व्यवस्था को तोड़ना, नाटो को कमजोर करना। यूक्रेन पर हमले से उल्टा हुआ। नाटो बड़ा और मजबूत हुआ, फि नलैंड और स्वीडन तक जुड़ गए। पर अलास्का में, ट्रंप ने वही किया जो पुतिन नहीं कर सके। नाटो के भीतर अविश्वास बोया। युद्धविराम की बात छोड़कर पुतिन के शब्द दोहराए।व्यापक शांति समझौता, यानी यूक्रेन की जमीन छोड़ना और यूरोप-नाटो में शामिल होने का सपना खत्म करना। यह न सिर्फ.सहयोगियों को उलझाने वाला था, बल्कि उनके सबसे बुरे डर की पुष्टि भी कि ट्रंप की वापसी, अमेरिका की प्रतिबद्धताओं को अंदर से तोड़ देगी। इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि दो परमाणु शक्तियों का साथ आना अच्छा है। हम नंबर वन हैं, वे नंबर टू। एक झटके में चीन और यूरोपीय संघ नक्शे से मिटा दिए गए।। जो देश कभी लोकतंत्रों को तानाशाहों के खिलाफ खड़ा करता था, अब उनके लिए कालीन बिछाता है। न युद्धविराम, न प्रतिबंध। अपराधियों को बधाई मिलती है। क्या यह दुनिया के चौकीदार, नंबर एक महाशक्ति की कूटनीति है या आत्मसमर्पण है।

# भीख मांगने वाली किशोरी की रहीसजादो ने लूटी अस्मत

- शहर के संजय प्लेस में हुई दरिंदगी की वारदात
- सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो पर जागी पुलिस



एनएनआई

**आगरा।** शहर के व्यावसायिक केंद्र संजय प्लेस में एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दो युवकों ने पहले दुष्कर्म किया। बाद में वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। सोमवार को पुलिस को घटना की जानकारी वायरल वीडियो से हुई। दो युवकों की पहचान कर ली गई है। चौकी प्रभारी की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। हालांकि पुलिस के सामने पीड़िता नहीं आई है।

घटना तीन दिन पुरानी है। सोमवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। यह 24 सेकंड का है। इसमें एक युवक साफ नजर आ रहा है। कुछ युवकों के हंसने की आवाज आ रही है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि संजय प्लेस स्थित स्काई टावर के पास किशोरी के साथ दुष्कर्म हुआ। गुफा मॉडल शॉप के पास से युवक उसे लेकर आए थे। एक युवक ने वीडियो बनाया और उसे वायरल कर दिया। मामले की जानकारी के बाद पुलिस ने घटनास्थल की पुष्टि की। संजय प्लेस चौकी प्रभारी एसआई विनोद कुमार की तहरीर पर केस दर्ज कराया गया। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि करबला, न्यू आगरा के जुनैद और आसिफ की पहचान हो गई है। मुकदमे में दोनों को नामजद किया गया? है । उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम को लगाया गया है।

**किशोरी की तलाश में जुटी पुलिस**

इधर पुलिस द्वारा पीड़ित किशोरी की भी तलाश की जा रही है। आशंका है कि किशोरी सड़क पर रहकर गुजर-बसर करती है। युवक उसे बहाने से अपने साथ लेकर आए होंगे। किशोरी के मिलने पर मेडिकल कराया जाएगा। उसके कोर्ट में बयान दर्ज कराए जाएंगे।

# टेढ़ी बगिया पर यमदूत बने ट्रक ने ली रिटायर्ड फौजी की जान

एनएनआई

**आगरा।** ट्रांसयमुना थाना क्षेत्र के टेढ़ी बगिया चौराहे पर यम दूत बनकर आए ट्रक चालक ने

दवा लेकर लौट रहे सेवानिवृत्त फौजी की जान ले ली। हादसे के बाद आगरा अलीगढ़ मार्ग पर लम्बा जाम लग गया।



घटना सोमवार शाम की है। रामबाग की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने दवा लेकर लौट रहे सेवानिवृत्त फौजी की स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल फौजी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना अध्यक्ष रोहित कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान सादाबाद निवासी सुरेंद्र सिंह (41) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मृतक एक वर्ष पूर्व ही सेवानिवृत्त होकर आए थे। वह पिछले 3 वर्ष से हृदय रोग से पीड़ित थे। इलाज चल रहा था। उनका बड़ा बेटा अंशुल सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा है। वहीं छोटा बेटा हाई स्कूल में पढ़ रहा है। सोमवार सुबह 8 बजे सुरेंद्र सिंह दवा लेने घर से आगरा के सदर स्थित आर्मी हॉस्पिटल के लिए निकले थे। शाम 4 बजे घर वापस जा रहे थे । हाथरस रोड पर ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। हाइवे पर जाम लग गया। पुलिस ने जाम खुलवाकर यातायात सुचारू करवाया।

## कागारौल पुलिस ने दो शातिरो को किया अरेस्ट

**आगरा** एनएनआई। कागारौल पुलिस ने एसओजी और सर्विलांस टीम की मदद से अन्तर्राज्यीय गैंग के दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए शातिरों के कब्जे से चोरी की लाइसेंसी रायफल बरामद हुई है।

डीसीपी अतुल शर्मा ने बताया कि तीन और चार अप्रैल की रात ग्राम मसेल्या निवासी सुभाष चन्द चाहर के घर में चोरी हुई थी। चोरों ने संदूक का ताला तोड़कर 5.70 लाख नकद, सोने-चांदी के जेवरात के साथ उसके भाई की लाइसेंसी रायफल चोरी कर ले गये थे। कागारौल पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश में जुटी थी। पुलिस टीमें द्वारा सीमा से लगे क्षेत्रों में लगातार निगरानी की जा रही थी। रविवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बैमन नहर मार्ग से दो अभियुक्तों देवेन्द्र सिंह व नीरज निवासी धौलपुर, राजस्थान को गिरफ्तार किया।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

## जमीनी विवाद में महिला को गोली मारी

**आगरा** एनएनआई। छत्ता थाना क्षेत्र के भैरों बाजार में सोमवार तड़के एक महिला को गोली मार दी। घायल महिला को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हमले के पीछे संपत्ति विवाद बताया गया है। भैरों बाजार निवासी राजेंद्र सिंह की पत्नी बीना सोमवार तड़के पांच बजे शौच के लिए जा रही थी। इसी दौरान घात लगाए बैठे राजकुमार पुत्र हाकिम सिंह, नवीन पुत्र रविंद्र, अभिजय पुत्र अजय निवासीगण भैरों बाजार ने हमला बोल दिया। राजकुमार ने तमंचे से फायर कर दिया। बीना के बाएं हाथ की बाजू पर गोली लगी। बीना की बेटी चंचल ने हमले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस को हमलावर भाग खड़े हुए। पुलिस ने एंबुलेंस से घायल बीना को अस्पताल पहुंचाया। चंचल ने बताया कि राजकुमार और अन्य परिजनों के बीच संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है। आरोपी राजकुमार पहले भी उनके माता-पिता के साथ मारपीट कर चुका है।

# टोल पर किसान संगठन का बवाल, कर्मचारियों को पीटा

**आगरा** एनएनआई। एत्मादपुर में रहनकलां स्थित इनर रिंग टोल प्लाजा पर सोमवार दोपहर एक किसान संगठन के कार्यकर्ताओं ने बवाल किया। आरोप है कि बिना टोल दिए 16 गाड़ियां निकाल लीं। मैनेजर ने पुलिस को बताया कि संगठन के कार्यकर्ताओं ने कर्मचारियों के रोकने पर मारपीट की। चार बूम बैरियर तोड़ डाले। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मैनेजर शिव वीर सिंह ने तहरीर देते हुए पुलिस को बताया कि सोमवार दोपहर 12:30 बजे एक किसान संगठन के कार्यकर्ता कुबेरपुर से रमाडा की ओर जा रहे थे। 16 गाड़ियों में 60-70 कार्यकर्ता थे। उनकी गाड़ियां टोल पर आईं तो बैरियर लगा दिया गया। कार्यकर्ता बिना टोल दिए ही गाड़ी निकालने लगे। इसके लिए टोल संख्या 3, 4, 5 और 6 के बूम बैरियर को तोड़ दिया। यह देखकर कर्मचारियों ने गाड़ियों को रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि मैनेजर के टोल देने की बात कहने पर मारपीट कर दी। जान से मारने की कोशिश करने लगे। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई, लेकिन कार्यकर्ता शांत नहीं हुए। टोल पर ही बवाल काटना शुरू कर दिया। इससे वाहनों की कतार लग गई।

कुछ लोगों ने टोल कर्मी व एक महिला कर्मचारी से अभद्रता की। गाली-गलौज करते हुए केबिन से बाहर लाकर मारपीट करने लगे। कर्मचारियों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। बाद में पुलिस ने समझाने का प्रयास किया। काफी देर बाद धमकी देते हुए सभी चले गए।

मैनेजर का कहना है कि इस दौरान 50 मिनट तक टोल फ्री रहा। कार्यकर्ताओं सहित 400 गाड़ियां बिना टोल दिए ही निकल गईं। डीसीपी पश्चिमी जोन अतुल शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों ने मारपीट के आरोप लगाए हैं। सीसीटीवी कैमरे चेक किए जाएंगे। जांच के आधार पर कार्रवाई होगी।

NNI
हर खबर पर पक्की नज़र
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
मंगलवार, 19 अगस्त, 2025


# मिथिला नगरी में सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक-चौबंद : पुलिस कमिश्नर

- जनकपुरी महोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने सीपी को सौंपा पत्र

एनएनआई



**आगरा।** उत्तर भारत के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजन रामलीला महोत्सव के अंतर्गत इस बार कमला नगर क्षेत्र में 16 से 21 सितंबर तक भव्य जनकपुरी का आयोजन होगा। इस दौरान भगवान सियाराम और अन्य स्वरूपों के दिव्य दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। भीड़ और आयोजन की भव्यता को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार शाम जनकपुरी महोत्सव समिति के पदाधिकारी पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार से उनके कैंप कार्यालय, बालूगंज पर मिले और पत्र सौंपा। पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने समिति को आश्वस्त किया कि मिथिला नगरी में हर सड़क और चौराहे पर पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। घुड़सवार पुलिस, पैदल गश्त और विशेष निगरानी की भी व्यवस्था की जाएगी ताकि श्रद्धालु निःशंक होकर दर्शन व उत्सव का आनंद ले सकें। बैठक में समिति अध्यक्ष मुरारी प्रसाद अग्रवाल (एकता बिल्डर्स), संरक्षक राकेश मंगल, नरेंद्र बंसल (चांदी वाले), महामंत्री उमेश कंसल, पार्षद प्रदीप अग्रवाल, संयोजक पंकज अग्रवाल, सह-कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल (बैंक), सुरक्षा प्रमुख शशांक तिवारी सहित मयंक पाठक, गौरव चौहान, गौरव परमार, हरीश शर्मा गुड्डू, संतोष मित्तल, अनिल अग्रवाल (एडवोकेट) और वंश अग्रवाल उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने समय से जनसमस्याएं सुनने व निस्तारण की दी सख्त हिदायत

एनएनआई



**आगरा।** तहसील किरावली में सोमवार को जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों पर जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शिकायतकर्ता से वार्ता कर उन्हें निस्तारण की स्थिति से अवगत कराएं तथा स्थलीय निरीक्षण उपरांत आख्या पोर्टल पर अपलोड करें। समाधान दिवस में कुल 47 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 06 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों में चकरोड निर्माण, नाली निर्माण और अतिक्रमण से जुड़े मामले प्रमुख रहे। इनमें राजस्व विभाग की 22, पुलिस विभाग की 02, संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस की 02, विकास विभाग की 11 और अन्य विभागों की 10 शिकायतें दर्ज की गईं। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को कार्यालयों में समय से जनसमस्याएं सुनने और अधिक से अधिक शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह, एडीएम प्रशासन चंद्रशेखर आजाद, सीएमओ अरुण कुमार श्रीवास्तव सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जन समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों का धरना, नगर निगम पर लगाए लापरवाही के आरोप

एनएनआई



**आगरा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता अनिल शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को सैकड़ों कांग्रेसजन नगर निगम के ताजगंज जोनल ऑफिस पर धरने पर बैठे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्षद आरती शर्मा ने की जबकि संचालन पीसीसी सदस्य अनुज शिवहरे ने किया। धरना स्थल पर वक्ताओं ने आरोप लगाया कि मेट्रो सिटी के नाम पर आगरा की जनता को ठगा जा रहा है। डबल इंजन की सरकार वास्तव में ह्नडबल भ्रष्टाचारह्न की सरकार साबित हो रही है। शहर में जगह-जगह गंदगी के अंबार, बहते नाले-सीवर और दूषित जलापूर्ति से जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। वहीं नगर निगम अधिकारी क्षेत्र का दौरा करने के बजाय केवल कागजी खानापूर्ति में लगे रहते हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि स्मार्ट सिटी और प्राइवेट सफाई व्यवस्था ने नगर निगम को ह्ननरक निगमह्न में बदल दिया है। अनेकों क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटें खराब हैं, बंदर व आवारा कुत्तों का आतंक पर्यटकों तक को परेशान कर रहा है। शहर में लगी महापुरुषों की प्रतिमाएं जीर्ण-शीर्ण अवस्था में धूल फांक रही हैं, जिससे उनकी पुण्यतिथियों पर श्रद्धांजलि अर्पित करना भी कठिन हो गया है। कांग्रेसियों ने चेतावनी दी कि यह धरना सिर्फ सांकेतिक है और अधिकारियों की आंखें खोलने के लिए है। यदि समस्याओं का समाधान जल्द नहीं हुआ तो प्रत्येक जोनल ऑफिस पर कांग्रेसजन उग्र प्रदर्शन करेंगे। धरने में शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राम टंडन, देवेंद्र कुमार चिल्लू, लता कुमारी, नवीन चंद्र शर्मा, अजहर वारसी, सचिन यादव, अरुण शर्मा, अपूर्व शर्मा, बशीर उल हक रॉकी, अमित चंद जाटव, आशीष प्रिंस, पवन शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# भक्ति और उल्लास में डूबा नंदोत्सव, कीर्तन में झूमे श्रद्धालु

## श्री गिरिराज जी सेवक मण्डल ने किया आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** भक्ति और उल्लास से सराबोर माहौल में श्री गिरिराज जी सेवक मण्डल (परिवार) ने फतेहाबाद रोड स्थित एसएनजे गोल्ड पर सोमवार को भव्य नंदोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण जन्म की जीवंत झांकी, भजनों की गूंज और अलौकिक श्रृंगार ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। चरण सेवक अजय गोयल, मनोज कुमार अग्रवाल, श्याम सुंदर माहेश्वरी, पवन कुमार अग्रवाल, मनीष गोयल व नीरज अग्रवाल ने श्री गिरिराज महाराज की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नंदबाबा और यशोदा मैया का स्वरूप मुकुल बंसल व मनीषा बंसल ने धारण किया, वहीं वासुदेव-देवकी की झांकी अनूप गोयल और दिव्या गोयल ने प्रस्तुत की। पद्मश्री श्री राम स्वरूप शर्मा के सुपुत्र हरि बल्लभ शर्मा ने मधुर भजनों और रस-कीर्तन से श्रद्धालुओं को भक्ति सागर में डुबो दिया। श्री गिरिराज महाराज का भव्य श्रृंगार माधव कौशिक द्वारा किया गया, जबकि भोजन व्यवस्था राकेश सिंघल ने संभाली। कार्यक्रम का संचालन रमाशंकर गुप्ता, योगेश अग्रवाल और नितिन अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे जिनमें सीमा गोयल, उर्मिला माहेश्वरी, कविता अग्रवाल, प्राची अग्रवाल, आरती बंसल, गौरव बंसल सहित अनेक गणमान्य शामिल रहे।

# प्राचीन अग्रसेन जयंती शोभायात्रा 22 सितंबर को



एनएनआई

**आगरा।** श्री अग्रवाल सुरीति प्रचारिणी सभा की बैठक सोमवार को धूलियागंज स्थित महाराजा अग्रसेन बाल मंदिर में हुई। अध्यक्ष बलबीर शरण अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष प्राचीन अग्रसेन जयंती शोभायात्रा 22 सितंबर को धूमधाम से निकाली जाएगी। तैयारियाँ शुरू कर दी गई हैं। शोभायात्रा में राजकुमार व राजकुमारी के स्वरूप हेतु इच्छुक बच्चों का पंजीकरण 28 अगस्त तक किया जाएगा। आयोजन समिति का संयोजन मुकेश मित्तल को सौंपा गया है। बैठक में उपाध्यक्ष रामशरण मित्तल, मंत्री जगदीश प्रसाद बगला, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, संजय गर्ग व अन्य पदाधिकारी मौजूद

# 2526 अज्ञात मृतकों की आत्मशांति के लिए होगा नवम अस्थि विसर्जन

एनएनआई




**आगरा।** श्री क्षेत्र बजाजा कमेटी द्वारा 1997 से अज्ञात एवं असहाय मृतकों का दाह संस्कार कर उनकी अस्थियों को सुरक्षित रखा जाता है और हर तीन वर्ष बाद गंगा में विसर्जन किया जाता है। इसी परंपरा के तहत इस वर्ष 23 से 25 अगस्त तक नवम अस्थि विसर्जन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 2526 मृतकों की अस्थियां विधि-विधान से गंगा में प्रवाहित की जाएंगी। कमेटी अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, महासचिव राजीव अग्रवाल, उपाध्यक्ष विष्णु गर्ग व कोषाध्यक्ष ताराचंद गोयल ने बताया कि 23 अगस्त को विद्युत शवदाह परिसर स्थित सत्संग हॉल में गायत्री परिवार द्वारा हवन और संगीतमय सुंदरकांड पाठ होगा। 24 अगस्त को अस्थियों को ह्रमुक्ति रथह्र में सजाया जाएगा तथा संध्या 4:30 बजे सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित होगी। पुलिस गारद सलामी की भी व्यवस्था रहेगी। 25 अगस्त को प्रातः 4:30 बजे मुक्ति रथ शवदाहगृह से सौरों स्थित गंगा घाट के लिए रवाना होगा। मार्ग में विभिन्न बाजार कमेटियों व संगठनों द्वारा स्वागत किया जाएगा। दोपहर 12 बजे मानव श्रृंखला बनाकर अस्थियों का गंगा में विसर्जन किया जाएगा। इसके उपरांत गंगा स्नान, ब्राह्मण भोज व भंडारे का आयोजन होगा। पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुरेश गोयल व ओम टंडन ने बताया कि 1997 से अब तक आठ विसर्जन कार्यक्रमों में कुल 11,838 अज्ञात मृतकों की अस्थियां गंगा में प्रवाहित की जा चुकी हैं। समिति का मानना है कि अज्ञात किसी भी धर्म या समाज का हो सकता है, इसलिए यह कार्यक्रम सर्वधर्म सहभागिता का प्रतीक है।

# बाबा जाहरवीर मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़, भक्ति-सेवा का संगम

एनएनआई



**आगरा।** हलवाई बगीची स्थित आस्था के केंद्र बाबा जाहरवीर मंदिर परिसर में रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही बाबा के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद वितरण और भंडारे का शुभारंभ हुआ। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक विवेक गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन बाबा जाहरवीर के प्रति आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है। लगातार पांचवें वर्ष यह भंडारा आयोजित किया गया है। आयोजन में विवेक गुप्ता, अनिल गुप्ता, गोविंद गुप्ता, विनोद गुप्ता, नीरज गुप्ता, मनीष गुप्ता, सत्यम गुप्ता, नेहा गुप्ता, आयुष गुप्ता, निशा गुप्ता सहित अनेक भक्त शामिल रहे।

# प्रधानमंत्री की जीएसटी घोष ॥ का फेम ने किया स्वागत

एनएनआई

**आगरा।** स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीएसटी में कटौती की घोषणा का फेडरेशन ऑफ ऑल मर्चेंट्स (फेम) ने स्वागत किया है। प्रधानमंत्री ने आश्वस्त किया कि आगामी दीपावली तक जीएसटी के चार स्लैब घटाकर दो कर दिए जाएंगे और दरों में भी कमी की जाएगी। फेम के प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती ने कहा कि यह कदम व्यापार जगत के लिए नई ऊर्जा लेकर आएगा। अब तक जीएसटी की जटिलताओं से व्यापारी वर्ग निराश था, लेकिन स्लैब घटने और दरों में कमी से बाजार में तेजी आएगी। इससे न केवल व्यापारियों को राहत मिलेगी बल्कि राजस्व और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भी वृद्धि होगी। उपभोक्ताओं को रेडीमेड कपड़े, जूते और दैनिक उपयोग की वस्तुएं सस्ती मिलेंगी, जिससे उनकी क्रय क्षमता बढ़ेगी। सोबती ने साथ ही मांग की कि भविष्य में जीएसटी को और सरल बनाया जाए तथा इनकम टैक्स की तरह फेसलेस सिस्टम लागू किया जाए, ताकि आम व्यापारी को उत्पीड़न से छुटकारा मिल सके। फेम के जिलाध्यक्ष राजेश खुराना, जिला महामंत्री ब्रजेश पंडित और पूरी कार्यकारिणी ने भी प्रधानमंत्री की इस घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि इससे व्यापारिक जगत में उत्साह का माहौल बना है।

# कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर जुटेगा लोधी समाज, अलीगढ़ में होगा विशाल कार्यक्रम

एनएनआई




**आगरा।** अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा (रजि.) ने रविवार को तोरा चौकी स्थित फार्म हाउस पर कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष साहब सिंह राजपूत, विधायक छोटे लाल वर्मा, पूर्व विधायक कृष्णपाल राजपूत, प्रदेश महामंत्री लाल सिंह लोधी और इटावा जिला पंचायत अध्यक्ष संजीव राजपूत ने अवंतीबाई लोधी व बाबू कल्याण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। अध्यक्षता निहाल सिंह भोले और संचालन दीपक पार्षद व महानगर महामंत्री केशव लोधी ने किया। महानगर अध्यक्ष अनुराग राजपूत ने बताया कि आगामी 21 अगस्त को अलीगढ़ के ताल नगरी में कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर विशाल आयोजन होगा, जिसमें प्रदेशभर से कार्यकर्ता व समाजजन शामिल होंगे और समाज की एकता का परिचय देंगे। सम्मेलन में वरिष्ठ संरक्षक प्रेमनाथ लोधी, इंजीनियर आर.पी. सिंह, महेंद्र सिंह, देवी सिंह, जिलाध्यक्ष बंधन सिंह ठेकेदार, महानगर उपाध्यक्ष हरी मोहन प्रधान, देवेंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी योगवीर सिंह, फिरोजाबाद जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार लोधी सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारी व युवा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# स्ट्रीट डॉग के लिए सड़कों पर उतरे पशु प्रेमी

## दिल्ली, एनसीआर में भारतीय देसी श्वानों को कैद करने के कठोर आदेश के विरोध में किया प्रदर्शन

- नगर निगम से शहीद स्मारक तक रैली निकाल कर किया शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन
- विभिन्न संगठनों संग 150 से अधिक पशु प्रेमियों ने लिया भाग

एनएनआई




**आगरा।** देश की शान देसी श्वान..., गली गली में नारा है देशी श्वान हमारा है.., एमसीडी का गड़बड़ घोटाला, नहीं भरेगा श्वान हमारा..., जैसे स्लोगन लिए पशु प्रेमी आज सकड़ों पर थे। उच्च न्यायालय द्वारा दिल्ली, एनसीआर में भारतीय देसी श्वानों को कैद करने के कठोर देश के विरोध में 150 से अधिक पशु प्रेमियों ने नगर निगम से शहीद स्मारत तक रैली निकालकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। कहा कि जिस तरह आगरा नगर निगम पशु प्रेमियों के साथ देसी श्वानों के लिए कार्य कर रहा है, उससे सीख लेनी चाहिए। श्वानों को कैद में रखना समस्या का हल नहीं है। एमसीडी अपनी नाकामी को श्वानों पर नहीं निकाल सकता।

कैस्पर्स होम ट्रस्ट, पीएफए (पीपुल फॉर एनीमल), जीव आसरा संस्था, रुद्रा एनीमल वेलफेयर आदि संस्थाओं के सदस्यों संग 150 से अधिक प्रशु प्रमियों व फीडर्स ने रैली में भाग लेकर श्वानों को कैद में रखने के देश का विरोध किया। कैस्पर्स होम की विनीता अरोड़ा ने कहा कि श्वानों का स्थान बदलने पर वह ट्रोमा में आकर मर भी सकते हैं। एमसीडी ने एबीसी (एनीमल बर्थ कंट्रोल) कार्यक्रम के तहत श्वानों की नसबंदी नहीं की तो इसकी सजा श्वानों को क्यों? गैर कानूनी ब्रीडिंग सेन्टरों पर शिकंजा कसना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डिम्पी महेन्द्र ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डिम्पी महेन्द्र, विनीता अरोड़ा, शांतनु बंसल, रिचा गुप्ता, डॉ. तूलिका अग्रवाल, अनिरुद्ध, अपूर्व शर्मा, त्रिमोहन मिश्रा, राखी, डॉ. नेहरू, मृदु शर्मा, किरन सेतिया, आशीष, सनी, अजय सक्सेना, हर्ष आदि मौजूद थे।

**नगरायुक्त को दिया ज्ञापन**

सभी पशु प्रेमियों ने नगर आयुक्त ने नाम ज्ञापन पसु चिकित्सा अधिकारी डॉ.अजय कुमार सिंह को सौंपा। उन्होंने स्पष्ट करते हुए सभी पशु प्रेमियों से कहा कि आगरा नगर निगम ने किसी भी शैल्टर होम का निर्माण नहीं किया है। पिछले तीन वर्ष में 60 -70 हजार श्वानों के ऑपरेशन एबीसी (एनीमल बर्थ कंट्रोल) के तहत ऑपरेशन किए हैं। प्रति वर्ष 70 हजार रेबीज वैक्सीनेशन करवा रहे हैं। जिससे रेबीज के मामले लगभग खत्म हो गए हैं। कैस्पर्स होम की मदद से जन जागरूकता का काम भी किया जा रहा है। नगर निगम 2030 तक रेबीज फ्री सिटी का लक्ष्य पूरा करने में जुटा है। स्पष्ट किया कि नगर निगम का फोकस रेबीज फ्री व श्वानों की जनसंख्या नियंत्रण पर है।

# विवि का दीक्षांत समारोह कल, तैयारियां पूरी



एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय का 91वां दीक्षांत समारोह 20 अगस्त को होने जा रहा है। सोमवार को विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद (खंदारी) परिसर स्थित शिवाजी मंडपम में दीक्षांत समारोह की फुलड्रेस रिहर्सल की गई। विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति प्रो. आशु रानी जी के मार्गदर्शन व निर्देशन में हुई रिहर्सल में दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। कुलपति के साथ विश्वविद्यालय के अधिकारी और शिक्षक शोभायात्रा के रूप में शिवाजी मंडपम तक पहुंचें, इसके बाद अन्य औपचापरिकताओं के बीच मेधावी विद्यालयों को पदक, डिग्री और पुरस्कारों के वितरण का अभ्यास किया गया। शिक्षकों को भी तीन पुरस्कार सौंपे गए। विद्यार्थियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। मॉडल स्कूल के बच्चों द्वारा पर्यावरण गीत की प्रस्तुति। विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए पांच गाँवों के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में तथा आंगनबाडी केंद्रों में आयोजित आपसी प्रतियोगिताओं के विजेता सम्मानित किया गया। प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालय कक्षा तीन से आठवीं तक के विद्यालयों में कराई गई भाषण, चित्रकला और कहानी कथन की प्रतियोगिताओं में प्रत्येक कक्षा समूह एवं विद्यालयों से उत्कृष्ट बच्चे सम्मानित किए गए।

**कार्य परिषद की बैठक, लिए महत्वपूर्ण निर्णय**

दीक्षांत समारोह से पूर्व सोमवार को कार्य परिषदी की बैठक संपन्न हुई। इसमें विभिन्न बिंदुओं के साथ दीक्षांत समारोह से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा कर अनुमोदन किया गया। बैठक में पीएचडी के 144 उपाधि देने पर निर्णय लिया, जिनमें 80 छात्र और 64 छात्राएं हैं। साथ ही 117 पदक प्रदान किए जाएंगे। इनमें 76 पदक छात्राओं और 41 छात्राओं को प्रदान किए जाएंगे। साथ ही विश्वविद्यालय के दिवंगत कर्मचारी चेतन कुशवाह के मामले में ईसी ने मानवतावादी दृष्टिकोण अपनाते हुए उनके अर्जित अवकाश अनुमोदित करते हुए उनके परिवार को सभी देय लाभ देने की संस्तुति की।



# सिकन्दरा योजना, आगरा में परिषदीय भूमि पर अवैध निर्माण ध्वस्त

**आगरा एनएनआई।** आवास एवं विकास परिषद द्वारा संचालित सिकन्दरा योजना, सेक्टरझ2 स्थित ग्रीन एन्क्लेव के समीप परिषदीय भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को प्रवर्तन दल की कार्रवाई में ध्वस्त करा दिया गया। प्रवर्तन दल अधिकारी कर्नल जी. एम. खान ने बताया कि अधीक्षण अभियंता श्री अतुल कुमार के आदेश पर निहाल सिंह पुत्र श्री देवी राम द्वारा लगभग तीन करोड़ रुपये मूल्य की परिषदीय भूमि पर कब्जा करने की नियत से की गई बाउंड्रीवाल एवं चबूतरे के अवैध निर्माण को तोड़ा गया।

यह कार्रवाई अधिशासी अभियंता सूरजपाल सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन दल की देखरेख में जेसीबी मशीन द्वारा की गई। अभियान के दौरान प्रवर्तन दल अधिकारी कर्नल जी. एम. खान, अभियंता मयंक कौशिक, अभियंता श्री सुनील, परिषद के अन्य कर्मचारी एवं प्रवर्तन दल टीम के सदस्य सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

# 48 वें नामनेर जन्माष्टमी महोत्सव का डॉ अशोक शिरोमणि ने किया समापन

**आगरा एनएनआई।** 48 वें नामनेर जन्माष्टमी महोत्सव का डॉ अशोक शिरोमणि ने समापन किया। समापन में डॉ अंकुर बंसल, डॉ भूपेंद्र चौधरी डॉ अमोल शिरोमणी विशिष्ट अतिथि रहे। डॉ अशोक शिरोमणी ने कहा कि लगातार 48 वर्षों से इस तरह का धार्मिक आयोजन करने के लिए मेला संयोजक ब्रजेश पंडित एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य बधाई के पात्र हैं इन सब आयोजनों से सामाजिक सोहाद्र बढ़ता है। मेले के समापन पर टेंट,बिजली,झांकी के निर्माताओं शोभा यात्रा के बेंड एवं फोटोग्राफर को सम्मानित कर पारितोषिक भी दिया गया। सभी कार्यकताओं राजेश अग्रवाल,दीप बघेल,रघु पण्डित,मोटी भाई,धर्मेद्र चौधरी,बलबीर चंदेल,डॉ गुलशन कुमार,पवन शर्मा,सचिन राजपूत,वरुण सिंघल समीर दास, जेठानंद,हनी जेठवानी का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अंत में सभी ने साफा बांधकर मेला संयोजक ब्रजेश पंडित को सम्मानित किया गया।



# घटिया आजम खां चौराहा पर हुई मिड नाइट फ्लैग होस्टिंग





एनएनआई

**आगरा।** हर साल की तरह इस बार भी घटिया आजम खां चौराहे पर मिड नाइट फ्लैग होस्टिंग की गई।

घटिया एके चौराहा यातायात प्रबंधन समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में 15 अगस्त 2025 को नगर निगम के पूर्व पार्षद शिरोमणि सिंह और सोशल एक्टिविस्ट अनिल शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया। यू पी मध्य रात्रि को ध्वजारोहण का यह अकेला आयोजन है।ध वजारोहण के पश्चात क्षेत्र के लोगों ने कविता,गाने आदि की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। 2018 से इसकी शुरूआत हुई थी ,कोरोना महामारी के कारण एक साल सीमित उपस्थिति में मास्क और सेनेटाइजर संबंधी प्रोटोकाल का पालन करते सीमित उपस्थिति में करना पड़ा ,लेकिन उसके बाद अब पूरे उत्साह के साथ होता है।

पहले कार्यक्रम में ध्वजारोहण प्रख्यात पर्यावरणविद् एवं चिकित्सक डॉ. मीता कुलश्रेष्ठ द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर किया था। घटिया आजम खां एक जागरूक बुद्धिजीवियों का केंद्र रहा है। स्वतंत्रता सेनानी राजनाथ कुंजरू राम जन्मभूमि आंदोलन के नायक डॉ अशोक सिंघल,शिक्षाविद स्व डा रमेश चन्द्र शर्मा ,प्रख्यात पत्रकार टामस स्मिथ जैसी शख्सियतों का इसी क्षेत्र में निवास रहा है।

अब 15 अगस्त की मध्यरात्रि क्षेत्र के लोगों के लिये पुलिस और नागरिक सौहार्द बढ़ाने वाला और आपसी भाईचारा को बल देने वाला अवसर बन चुका है।



# बटेश्वर में फिर हिलोरें मारने लगी यमुना

**बाह** एनएनआई। एक सप्ताह शांत रहने के बाद यमुना नदी एक बार फिर उफान पर है। बटेश्वर के घाट पर उफनाई यमुना नदी हिलारें मारने लगी है। यमुना नदी में हथिनीकुंड बैराज से 17 अगस्त की शाम 4 बजे 1 लाख 78 हजार 976 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिसकी आवक से 22 अगस्त तक यमुना नदी में उफान का खतरा रहेगा। बटेश्वर के घाट पर जलस्तर बढ़ने के साथ ही तटवर्तीय गांवों में भी नदी के उफान ने ग्रामीण किसानों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। विभिन्न बांधों का पानी आने से सप्ताह भर पहले उफनाई यमुना नदी में कछार और तराई के खेतों में बाजरा, तिल और सब्जियों की फसल डूब गई थी। नदी के शांत होने पर तराई के खेत खाली हो गये थे। लेकिन कछार के खेतों में पानी भरा हुआ था। यमुना नदी के उफान से बाह में 35 गांव प्रभावित होते हैं। कछार की फसलों को लेकर किसान पहले से ही चिंतित थे। लेकिन फिर से नदी का जलस्तर बढ़ने से उनकी धड़कनें भी बढ़ गई हैं। प्रशासन ने पहले से ही 5 बाढ़ चौकियां बटेश्वर, बिक्रमपुर, पारना, कचौराघाट, रामपुर चंद्रसेनी में बनाई हुई हैं। एसडीएम बाह हेमंत कुमार ने बताया कि नदी के जलस्तर में वृद्धि हुई है। पानी आने को लेकर तटवर्तीय ग्रामीणों को सतर्क कर दिया है। नदी क्षेत्र में न जाने की हिदायत दी गई है। राजस्व टीमें और लेखपाल नदी के जलस्तर पर निगाहें रखे हैं।

# गलियों में भरा तालाब का पानी दरकने लगी घरों की दीवारें

एनएनआई

**बाह।** पार्वतीपुरा गांव के तालाब का पानी गलियों और घरों की देहरी तक भरा हुआ है। तालाब के पानी की बजह से कई पेड़ सूख गये, कई टूट कर गिर गये। कई घरों में दरारें पड़ गई हैं। दिन रात घर गिरने का डर रहता है। पानी और कीचड़ भरे रास्ते से होकर गुजरना तालाब के आस पास रहने वाले परिवारों की मजबूरी बन गई है। कीचड़ और पानी भरे रास्ते से छोटेलाल का शव लेकर निकले कंधा देने वाले तक फंस गये थे। सोशल मीडिया पर मानवता को झकझोर देने वाली तस्वीर वायरल हुई थी। सोमवार को पार्वतीपुरा गांव के तालाब का पानी गलियों और घरों की देहरी तक भरा मिला। तालाब के चारो ओर घर बने हैं, तालाब से निकले सांप, बिच्छू के घरों में घुसने का डर रहता है। जयप्रकाश, रामप्रकाश, जगदीश, दिनेश, अनिल ने बताया कि तालाब के पानी से चारो ओर से उनके घर घिरे हैं, रास्तों में घुटनों तक पानी भरा है। नैनुका का तालाब के पानी से घर ढह गया। उनके मकानों की दीवारों में दरारें पड़ गई हैं। सीलन की बजह से घर गिरने का खतरा पैदा हो गया है। कीचड़ और पानी में ही पशु बांधने पड़ते हैं। कीचड़ पानी से होकर ही निकलते हैं। कोई मौत हो जाए, कोई बीमार हो जाए या फिर गर्भवती को अस्पताल ले जाना हो, कीचड़ पानी भरे रास्ते से ही निकलना पड़ता है। ग्रामीणों ने पानी की निकासी, गलियों की सफाई और मरम्मत कराए जाने की मांग की है। खंड विकास अधिकारी नीरज तिवारी ने बताया कि तालाब के पानी की निकासी एवं गलियों की साफ सफाई कराए जाने के निर्देश पंचायत सचिव को दिए हैं।





# वीएचपी का स्थापना दिवस मनाया



**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। विश्व हिंदू परिषद का 61 वां स्थापना दिवस माधव पैलेस मंडी तिल में मनाया गया। मुख्य वक्ता गंगा प्रसाद पाठक प्रांत गौ रक्षा प्रमुख ब्रज प्रांत रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता भीमसेनने की।संचालन मनोज कुमार जिला सह मंत्री ने किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता ने कार्यक्रम में बताया कि विश्व हिंदू परिषद हिंदू समाज को संगठित कर सेवा भाव में लगी है। कार्यक्रम में ओमी टीकरी, हरिओम मंगल, सागर चौधरी, अमित तिवारी, अमन बघेल, जतिंन, अंकुश, शुभम, लव कुश तिवारी, जितेंद्र, अशोक राजपूत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वायरल के मरीज बढ़े, अस्पताल में लगी भीड़



**बाह** एनएनआई। अवकाश के बाद सोमवार को बाह जैतपुर के अस्पताल खुले तो मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। बाह सीएचसी पर 600 से ज्यादा तथा जैतपुर सीएचसी पर 250 से ज्यादा मरीज पहुंचे। दवाई के लिए पर्चा लेने से लेकर चिकित्सक से उपचार तक के लिए मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। अस्पताल समय 2 बजे के घंटे भर बाद तक चली ओपीडी में चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण और उपचार किया। बाह के अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि अधिकांश मरीज वायरल के रहे। बुखार, जुकाम, खांसी, खुजली के रोगी भी आए।

# युवक पर फावड़े से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार




**जैतपुर** एनएनआई। कस्बा के मुख्य बाजार में रविवार के दिन दुकान के बाहर बैठे एक दर्जी से कहां सुनी हो जाने पर सिर्फ फ्री युवक ने पास में रखे फावड़े से हमला बोल दिया जिससे दर्जी के सर में गंभीर चोट आ गई और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा घटना के बाद सिरफिरा युवक भाग गया घटना से आसपास सनसनी फैल गई वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने लहू से लथपथ राम रूप पुत्र पन्नालाल निवासी पहाड़पुरा को तत्काल ही सीएचसी जैतपुर भेज दिया जहां से गंभीर हालत में उसे आगरा भर्ती कराया गया है वहीं दूसरी ओर घटना के बाद पुलिस ने आरोपी युवक सुनील पुत्र राम अवतार निवासी कस्बा जैतपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# मैनपुरी में दीवार से गिरने पर राजमिस्त्री की मौत

**मैनपुरी** एनएनआई। एक मकान में चिनाई करते समय सोमवार दोपहर को राजमिस्त्री के ऊपर दीवार गिर गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीण उन्हें जिला अस्पताल लेकर आए। जहां कुछ देर इलाज के दौरान राजमिस्त्री की मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृत्यु का कारण जानने के लिए शव पोस्टमार्टम को भिजवाया है।

कोतवाली सदर क्षेत्र के गांव मधाऊ निवासी 45 वर्षीय राजू शाक्य राजमिस्त्री का काम करके अपने परिजनो का भरण पोषण करते थे। दन्नाहार थाना क्षेत्र के नगला मुंशी निवासी गुड्डू यादव के मकान पर निर्माण कार्य चल रहा हैं। जहां सोमवार को राजू घर के आंगन में दीवार की चिनाई कर रहे थे। तभी दोपहर साढ़े 12 बजे के करीब अचानक दीवार भरभराकर उनके ऊपर गिर गई। जिससे मलबे में दबकर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गुड्डू, ग्रामीणों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में कुछ देर चले इलाज के दौरान राजू की मृत्यु हो गई।

**अस्पताल में जानकारी करने पहुंचे थानाध्यक्ष**

जानकारी मिलने पर दन्नाहर थानाध्यक्ष वीरेंद्रपाल सिंह अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने परिजनो से जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी पर भिजवाया है। इस संबंध में दन्नाहार थानाध्यक्ष ने बताया कि मृत्यु का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजन की ओर से पुलिस को अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# ऑटो चालकों में जमकर चले लाठी-डंडे

एनएनआई

**पिनाहट।** कस्बे के मोहल्ला मूलवासियों में सोमवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब ऑटो चालकों के बीच मामूली कहासुनी ने देखते-ही-देखते गंभीर रूप ले लिया। करीब 2:30 बजे शुरू हुए विवाद में दोनों पक्षों ने लाठी-डंडे निकाल लिए और एक-दूसरे पर पथराव कर दिया। अचानक हुए बवाल से पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। घरों के बाहर खड़ी कई गाड़ियां पथराव की चपेट में आने से बाल-बाल बचीं।



घटना को मोहल्लावासियों ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया, जिसका वीडियो कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मोहल्लावासी धर्मेंद्र कुमार ने विवेक शर्मा, प्रिंस, राम खिलाड़ी शर्मा, राकेश गुप्ता, निवेश गुप्ता, गोविंद गुप्ता, अरविंद मिश्रा, विशाल शर्मा आदि के साथ मिलकर थानाध्यक्ष पिनाहट को लिखित शिकायत सौंपी। शिकायत में कहा गया कि आए दिन ऑटो चालक मोहल्ले में झगड़ा और गाली-गलौज करते हैं, जिससे परिवारों की शांति भंग होती है और बच्चों व महिलाओं में भय का माहौल बन जाता है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हो सकें।

newsnextindia1@gmail.com
NNI हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# रूस-यूक्रेन
## संघर्ष और वैश्विक परिदृश्य



पूरन डावर
चिंतक एवं विश्लेषक






रूस ने 2014 में यूक्रेन के एक प्रांत क्रीमिया पर कब्जा कर लिया। यूक्रेन को रूस से डर था। यूक्रेन ने अपनी सुरक्षा हेतु नाटो की सदस्यता का प्रस्ताव रखा। नाटो की सदस्यता रूस को नागवार गुजरी। तमाम प्रयासों और सैंक्शंस के बावजूद रूस ने यूक्रेन पर हमला किया। रूस सोचता था कि यूक्रेन को जल्दी जीत लेगा और एक बार यूक्रेन को जीत लिया तो बाकी सीआईएस के देश अपने आप सरेंडर कर देंगे और रूस फिर सोवियत यूनियन बन सकता है।

लेकिन आज 3.5 साल से युद्ध चल रहा है। जहाँ यूक्रेन ने कुछ हिस्से शुरूआत में खोये लेकिन यूक्रेन ने बड़ा पलटवार किया और रूस को भी भारी नुकसान हुआ है और रूस की साख पर भी बट्टा लगा है।

इधर ट्रम्प एक विकृत मानसिकता के साथ चल रहे है और सारी लड़ाई को टैरिफ के माध्यम से हल करना चाहते है। अपने पड़ोसी देशों से लेकर यूरोप के साथ संबंध भी सम्बंध खो रहा है। ट्रम्प अपनी हरकतों या नीतियों के कारण, अमेरिका जो विश्व का नेतृत्व करता था, अमेरिका का राष्ट्रपति लगभग विश्व का प्रेसिडेंट कहलाता था, आज ट्रम्प उसे अमेरिका तक सीमित कर रहे हैं। उनकी कोई नहीं सुन रहा और पुतिन को बैठे बैठे बढ़त मिल गई। जिस पुतिन को इंटरनेशनल कोर्ट ने वॉर क्रिमिनल घोषित कर दिया था और इंटरनेशनल कोर्ट के सदस्य देशों में पुतिन भ्रमण भी नहीं कर सकते थे अमेरिका तो दूर की कौड़ी थी लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प उसे स्वयं आमंत्रित कर रहे है।


जब यूक्रेन जिसके साथ युद्ध रोकना है उन्हें बुलाया ही नहीं गया तो पुतिन तो बाजी जीत ही चुके हैं। अमेरिका अब तक बड़ी कंज्यूमर मार्केट थी और कंज्यूमर किंग था विश्व के कंजम्पशन का २४% हिस्सा है और टैरिफ से यह कंज्यूमर मार्केट स्वतः ध्वस्त होने वाली है। आने वाले कुछ वर्षों में अमेरिकी बाजार उतना बड़ा नहीं रहने वाला। उधर भारत का मध्यम वर्ग बाजार तेजी से बढ़ रहा है। चाइना हो या अमेरिका भारत के बाजार और क्षमता को नकार नहीं सकते।

कुल मिला कर अभी चुनौतियां बहुत हैं। टैरिफ वॉर से पार पाना हो या फिर अमेरिका और चीन के गिद्ध दृष्टियों से बचाव और कुल मिलाकर रूस से भी बहुत उम्मीद नहीं की जा सकती। यहाँ यह समझना होगा रूस एक साम्यवादी देश है। कोई साम्यवादी मानसिकता का देश प्रजातांत्रिक देशों के साथ लंबे समय समन्वय नहीं रखा सकता। अगले विश्व युद्ध में चीन भारत के खेमे में नहीं हो सकता और रूस और चीन एक ही खेमे में रहने वाले हैं। रूस कितना भी भारत के साथ दिखायी देता हो और आज अमेरिका से हमारे संबंध खराब लगते हो, यह सब अस्थायी भू राजनीतिक व्यवस्था है।



ट्रम्प के सनकी व्यवहार के कारण हम भले ही आज अमेरिका से दूर लग रहे हों लेकिन यह नहीं भूल सकते अमेरिका की शपथ प्रजातंत्र है और राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने भारत के साथ 2008 असैनिक परमाणु संधि भी की थी और उनका मानना था भारत विश्व का सबसे बड़ा प्रजातंत्र है। भारत को हर हालत में सुरक्षित बनाना होगा। भले ही प्रारंभिक परमाणु संधि शांति पूर्वक कार्यों के लिए हो ऊर्जा के लिए हो। कुल मिलाकर भारत को अपना रास्ता स्वयं बनाना है।

भारत की सबसे बड़ी समस्या भारत अपरिपक्व और अतिस्वार्थ पूर्ण राजनीति है यहाँ तक की विपक्ष को देश हित को नकार कर भी विदेशी शक्तियों के हाथ में खेलने से गुरेज नहीं है। डीप स्टेट भी भारत में सक्रिय नजर आ रहा है लगता है। भारत में भी बांग्लादेश वाला प्रयोग करने का प्रयास किया जा सकता है लेकिन अमेरिका या डीप स्टेट को समझना होगा। भारत का नेतृत्व मोदी के हाथों में है। डीप स्टेट कितना भी विपक्ष से साँठगाँठ कर ले कितना भी सांप्रदायिक उन्माद फैलाने या गृह युद्ध का प्रयास करे, मोदी उससे निपटने में सक्षम हैं और उनके पास ट्रैक रिकॉर्ड है। बांग्लादेश में सेना को भी साथ ले लिया गया था भारत में सैनिक तख्ता पलट या सेना का राजनैतिक दखल संभव नहीं है।




# मनिका विश्वकर्मा ने पहना मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 का ताज



राजस्थान की मनिका विश्वकर्मा, जिन्हें मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 का ताज पहनाया गया, ने इस उपलब्धि के लिए अपने गुरुओं और माता-पिता का आभार व्यक्त किया है। वह इस साल के अंत में थाईलैंड में होने वाले 74वें मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। राजस्थान के जयपुर में आयोजित एक शानदार समारोह में मनिका को मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 का ताज पहनाया गया। मिस यूनिवर्स इंडिया प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 18 अगस्त को हुआ था। मनिका ने बताया, यह एहसास बहुत ही अद्भुत है। यह सफर अद्भुत रहा है। मैं अपने गुरुओं, अपने शिक्षकों, अपने माता-पिता, अपने दोस्तों और अपने परिवार को हर चीज के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। मेरा लक्ष्य भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधित्व करने और ताज अपने घर लाने की पूरी कोशिश करना है...

# अच्युत पोतदार ने 91 साल की उम्र में ली अंतिम सांस



**'अरे कहना क्या चाहते हो' से मिली थी नई लोकप्रियता**

बॉलीवुड और मराठी सिनेमा के वरिष्ठ अभिनेता अच्युत पोतदार का निधन हो गया है। उन्होंने 91 साल की उम्र में ठाणे के जुपिटर अस्पताल में अंतिम सांस ली। अभिनेता कुछ समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। बताया जा रहा है कि उन्हें अचानक बेहोश होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी तबीयत और बिगड़ती चली गई। उनके निधन की खबर से पूरी फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। अच्युत पोतदार एक ऐसे कलाकार थे जिन्होंने उम्र को कभी अपने सपनों के रास्ते में नहीं आने दिया। फिल्मों में आने से पहले वह भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में देश की सेवा कर चुके थे। इसके बाद उन्होंने इंडियन ऑयल में लंबे समय तक नौकरी की। लेकिन मन में अभिनय का सपना अभी बाकी था। उन्होंने 44 साल की उम्र में अभिनय की दुनिया में कदम रखा और धीरे-धीरे अपने अभिनय से सबका दिल जीत लिया। उन्होंने 125 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। उनकी फिल्मोग्राफी में 'तेजाब', 'परिंदा', 'दिलवाले', 'दामिनी', 'लगे रहो मुन्ना भाई', 'परिणीता', 'फरारी की सवारी', 'दबंग 2', और '3 इडियट्स' जैसी चर्चित फिल्में शामिल हैं। '3 इडियट्स' में निभाया गया उनका प्रोफेसर का किरदार छोटा जरूर था, लेकिन बेहद असरदार था। उनका एक डायलॉग- 'अरे कहना क्या चाहते हो'... आज भी सोशल मीडिया पर लोगों की जुबां पर है और मीम्स में बार-बार दोहराया जाता है। अच्युत पोतदार ने सिर्फ फिल्मों तक खुद को सीमित नहीं रखा। उन्होंने 'भारत एक खोज', 'वागले की दुनिया', और 'शुभ मंगल सावधान' जैसे टीवी सीरियल्स में भी शानदार अभिनय किया। थिएटर में भी वे सत्यदेव दुबे, विजया मेहता, और सुलभा देशपांडे जैसे कलाकारों के साथ जुड़े रहे। उनके निधन की पुष्टि उनकी बेटी अनुराधा पारस्कर ने की और बताया कि उनका अंतिम संस्कार मंगलवार शाम ठाणे में किया जाएगा।

# काम करने से कुछ मिले ना मिले, हमेशा नया अनुभव तो मिलता ही है-माधुरी दीक्षित

नब्बे के दशक की तुलना में आज के दौर में बहुत अनुशासन है। अब किसी का इंतजार नहीं होता। आप आते हैं, अपना काम खत्म करते हैं और चले जाते हैं। ये अच्छी बात है, लेकिन पहले एक अलग तरह की सहजता होती थी। हम मेकअप करके सेट पर बैठे होते और दूसरी तरफ डायलॉग लिखे जा रहे होते। जब हम पूछते तो कहा जाता कि दो मिनट, बस पूरा कर रहे हैं। उसमें एक तरह की स्पॉन्टेनिटी थी। आज सब कुछ प्लान्ड और कैलकुलेटेड है।

पहले कोई प्रोजेक्ट जुनून से चलता था। उतार-चढ़ाव होते थे, कभी शूटिंग किसी वजह से रुक जाती, फिर एक साल बाद शुरू होती। इस बीच कभी गहने खो जाते, तो वैसा ही कुछ पहन लेते। कमरे में अलग ईयररिंग पहनकर जाते और बाहर किसी और के साथ निकलते। ये सब माफ था, क्योंकि लोग सिनेमा से प्यार करते थे। जब मैंने शुरुआत की थी, तब इंडस्ट्री पूरी तरह पुरुष प्रधान थी। सेट पर महिलाएं सिर्फ मैं, मेरी हेयरड्रेसर और फिल्म में महिला किरदार निभाने वाली अदाकाराएं। आज जब मैं किसी सेट पर जाती हूं, तो हर डिपार्टमेंट में महिलाएं दिखती हैं, चाहे फोटोग्राफी हों या मेकअप आर्टिस्ट। आज कैमरे के पीछे भी महिलाएं हैं, निर्देशक हैं और उनके पास अब बहुत ताकत है। आज जब आप नए लोगों के साथ काम करते हैं तो ऐसा नहीं है कि पहले से कुछ कम हुआ है। उनके साथ अलग बातें हैं। काम करने से कुछ मिले ना मिले, हमेशा नया अनुभव तो मिलता ही है। मैं इसे ही असली कमाई मानती हूं। आज जेन-जी को बहुत कुछ पता है। वे अपनी जिंदगी के अनुभव साझा करते हैं और दूसरों की जिंदगी में क्या चल रहा है, ये भी देखना चाहते हैं। सोशल मीडिया उनके लिए बहुत अहम है। उनसे जुड़ना अच्छा लगता है। उनसे सीखने को मिलता है। मेरे बच्चे भी बहुत कुछ जानते हैं। वे फिल्म देखते हैं और पूरी डिटेल में एनालिसिस करते हैं। मैं सोचती हूं ये सब मेरे दिमाग में क्यों नहीं आया? आजकल कमाई के कई रास्ते हैं...पहले हम सिर्फ एक्टिंग करते थे। धीरे-धीरे विज्ञापन आए और कलाकारों ने कमाई के दूसरे तरीके खोज लिए। अब फिल्मों को प्रमोट करने के अलावा, अपने निजी फायदे के लिए कई काम करने पड़ते हैं। आप हमेशा अपने दर्शकों के संपर्क में रहते हैं। उनसे सीधे कुछ कहना है, तो आपके पास जरिया होता है। इसमें अच्छी-बुरी, दोनों बातें हैं। अपनी जिंदगी को कैसे मैनेज करना है, ये आप पर निर्भर है। आपके पास विकल्प हैं, उन्हें इस्तेमाल करना आना चाहिए।



# एशिया कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान आज

## गिल-सिराज पर सस्पेंस बरकरार; यशस्वी- वाशिंगटन को मौका मिल सकता है

**मुंबई।** भारतीय सिलेक्टर्स आज मुंबई में एशिया कप के लिए टीम का ऐलान करेंगे। माना जा रहा है कि उनके फैसले सबकी उम्मीदों से अलग हो सकते हैं। इंग्लैंड दौरे में शानदार प्रदर्शन करने वाले शुभमन गिल और मोहम्मद सिराज जैसे खिलाड़ी को टीम में जगह बनाने में मुश्किल हो सकती है।

बल्लेबाजों में यशस्वी को मौका मिल सकता है

सूर्यकुमार यादव टी-20 टीम के कप्तान हैं, ऐसे में उनकी जगह तो तय है। अब टीम को बल्लेबाजों की पोजिशन के लिए 4 से 6 और खिलाड़ियों को चुनना है। इन पोजिशन के लिए अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड, रिंकू सिंह, रियान पराग और श्रेयस अय्यर दावेदार हैं।

शुभमन, यशस्वी और श्रेयस को इंग्लैंड के खिलाफ पिछली टी-20 सीरीज में चुना नहीं गया था, लेकिन तीनों ही प्लेयर्स ने व्हाइट में अपना दमदार फॉर्म दिखा दिया। हालांकि, इनमें से 1 या 2 को ही टीम में जगह मिलती नजर आ रही है।



### रिंकू का सिलेक्शन भी संभव

गिल ने IPL में 650 रन बनाए, लेकिन वह बतौर ओपनर खेले थे। एशिया कप के लिए चयनकर्ता अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन को बतौर ओपनर बनाए रखना चाहते हैं। तीसरे ओपनर के तौर पर गिल और यशस्वी जायसवाल का नाम चर्चा में है, लेकिन फिलहाल जायसवाल आगे दिख रहे हैं। बाकी बल्लेबाजों में तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव और रिंकू सिंह के चुने जाने की संभावना है। एक और बल्लेबाजी स्लॉट खाली है, जिसके लिए शिवम दुबे और वॉशिंगटन सुंदर के नाम पर विचार होगा। श्रेयस अय्यर के चुने जाने की संभावना कम है।

### जितेश शर्मा दूसरे विकेटकीपर के तौर पर टीम में आ सकते हैं

विकेटकीपर पोजिशन के लिए संजू सैमसन पहली चॉइस हैं। वे पिछले 1 साल में भारत के लिए 3 टी-20 शतक लगा चुके हैं। उनके ऑप्शन के रूप में ऋषभ पंत बेस्ट रहते, लेकिन वे इंजरी के कारण टूर्नामेंट नहीं खेल सकेंगे। ऐसे में ध्रुव जुरेल, जितेश शर्मा और प्रभसिमरन के रूप में ऑप्शन बचते हैं। जुरेल को पिछली सीरीज में मौका मिला था, वहीं जितेश और प्रभसिमरन बेहतरीन फॉर्म में हैं। हालांकि, पिछली टीम और व्हाइट परफॉर्मेंस को देखते हुए जितेश शर्मा को मौका मिलने की ज्यादा संभावनाएं हैं।

### सिराज का चयन मुश्किल

गेंदबाजी में सिराज का चयन मुश्किल माना जा रहा है। जसप्रीत बुमराह मुख्य गेंदबाज होंगे और उनके साथ अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा या हर्षित राणा में से किसी एक-दो को मौका मिल सकता है। हार्दिक पांड्या भी तेज गेंदबाज के तौर पर रहेंगे। मोहम्मद शमी की वापसी लगभग नामुमकिन लग रही है।

### स्पिन में कुलदीप रहेंगे

स्पिन डिपार्टमेंट में कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई और उपकप्तान अक्षर पटेल होंगे। वॉशिंगटन सुंदर को भी मौका मिल सकता है, लेकिन उनकी जगह पक्की नहीं है।

### भारत-पाक एक ही ग्रुप में

एशिया कप में भारत, पाकिस्तान, ओमान और वआए को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हॉन्गकॉन्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितंबर को UAE, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा। भारत और पाकिस्तान ने अगर सुपर-4 स्टेज में जगह बनाई तो दोनों टीमें फिर एक बार 21 सितंबर को आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट का फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान ने सुपर-4 स्टेज में टॉप किया तो दोनों के बीच टूर्नामेंट में तीसरा मुकाबला भी हो सकता है।

### एशिया कप के लिए पॉसिबल स्क्वॉड

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शुभमन गिल/यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल/जितेश शर्मा (विकेटकीपर), रियान पराग/वाशिंगटन सुंदर, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, नीतीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, जसप्रीत बुमराह।

# पाकिस्तान हॉकी एशिया कप से ऑफिशियली बाहर, ओमान भी हटा

## बांग्लादेश और कजाखस्तान को मौका मिला, 29 अगस्त से टूर्नामेंट शुरू होगा



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट से अधिकृत रूप से बाहर हो गए है। इतना ही नहीं, ओमान ने भी अपना नाम वापस ले लिया है। ऐसे में बांग्लादेश और कजाखस्तान को मौका दिया गया था। 'मंगलवार सुबह पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने भारत आने से अधिकृत तौर पर इंकार कर दिया है। ओमान की टीम भी हट गई है। ऐसे में बांग्लादेश और कजाखस्तान को ड्रॉ में शामिल कर दिया।' इससे पहले मीडिया रिपोर्ट में पाकिस्तान के इस टूर्नामेंट से हटने की बातें कही जा रही है। एक महीने पहले पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (PHF) ने सुरक्षा कारणों का हवाला दिया था। हालांकि, भारत सरकार ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा दिया था।

### एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप का टिकट

एशिया कप से हटने के साथ ही पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करने का एक मौका गंवा दिया है। दरअसल, एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप का टिकट मिलता है। हॉकी का अगला वर्ल्ड कप 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा।

### एशिया कप का गौरवशाली इतिहास

एशिया कप हॉकी की शुरूआत 1982 में पाकिस्तान के कराची में हुई थी। तब से लेकर अब तक यह टूर्नामेंट एशियाई हॉकी का सबसे प्रतिष्ठित आयोजन बना हुआ है। इसके इतिहास में सबसे सफल टीम दक्षिण कोरिया रही है, जिसने पांच बार यह खिताब अपने नाम किया है। भारत और पाकिस्तान दोनों ने तीन-तीन बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। दिलचस्प बात यह है कि भारत आठ बार फाइनल में पहुंची है, लेकिन पांच बार हार का सामना करना पड़ा है। यह आंकड़ा भारतीय हॉकी की निरंतरता और दृढ़ता को दर्शाता है।

# कार्लोस अल्काराज ने पहली बार जीता सिनसिनाटी ओपन का खिताब



**नई दिल्ली।** सिनसिनाटी ओपन जीतने का स्पेन के कार्लोस अल्काराज का सपना पूरा हो गया है। मंगलवार को जानिक सिनर के खिलाफ हुए फाइनल मुकाबले में उन्हें विजेता घोषित किया गया। विबलंडन फाइनल के बाद विश्व के नंबर एक जानिक सिनर और नंबर दो कार्लोस अल्काराज के बीच होने वाले सिनसिनाटी ओपन फाइनल पर दुनियाभर के टेनिस प्रेमियों की नजर थी। फैंस एक रोमांचक मुकाबले का इंतजार कर रहे थे। लेकिन फैंस को थोड़ी मायूसी हासिल हुई। वजह जानिक सिनर की अस्वस्थता रही। अल्काराज और सिनर के बीच मैच निर्धारित समय पर शुरू हुआ था। शुरूआत से ही सिनर गर्मी से परेशान दिख रहे थे। पहले सेट में 0-5 से पिछड़ने के बाद उन्होंने डॉक्टर को बुलाया और गर्मी से निपटने के लिए बर्फ की मदद भी ली, लेकिन मैच को जारी नहीं रख सके। 23 मिनट के बाद वह रिटायर होने पर मजबूर हो गए। इसके बाद अल्काराज को विजेता घोषित किया गया।

# मंगलवार, 19 अगस्त राशिफल

मेष राशि के लोगों के लिए आज मंगल और चंद्रमा का केंद्र योग लाभदायक होगा। आज आपकी कोई अधूरी इच्छा पूरी हो सकती है और आपको आज कोई बड़ा मौका मिल सकता है। विद्यार्थियों को आज अपने पसंदीदा विषयों में सफलता मिलेगी और शिक्षा में आप बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे।

वृषभ राशि के लोगों के लिए आज मंगलवार का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज कुछ पारिवारिक उलझन और परेशानियों का सामना करना होगा। कार्यक्षेत्र में आज आपको विपरीत लिंगी सहकर्मियों से तालमेल बनाकर रखें तालमेल बनाकर रखना होगा नहीं तो परेशानी हो सकती है।

मिथुन राशि के लोगों के लिए आज का दिन सुखद और अनुकूल रहेगा। आपको आज अपने काम में बड़ी सफलता मिलेगी। लेकिन आपको अपने काम में लगातार मेहनत करने की जरूरत है। आज आपको अपने काम के सिलसिले में आज यात्रा भी करनी पड़ सकती है।

कर्क राशि के जातकों के लिए आज मंगलवार का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज अपने काम में अधिक सजग और सतर्क रहने की जरूरत है। आर्थिक मामलों में भी आज आपको अपने किसी फैसले की वजह से नुकसान हो सकता है।

सिंह राशि के लोगों के लिए आज मंगलवार का दिन कुल मिलाकर अच्छा रहेगा। आपका सरकारी क्षेत्र से संबंधित कोई काम है तो इसमें आपको सफलता मिलेगी। वैसे आज आपको अधिक परिश्रम भी करना होगा। आर्थिक मामलों में आज आपका भाग्य पूरी तरह से आपका साथ देगा।

कन्या राशि के लोगों के लिए आज मंगलवार का दिन बेहद मंगलकारी रहेगा। आपको आज कुछ ऐसी खुशी मिल सकती है जो यादगार रहेगी। आज आपकी कोई अधूरी इच्छा पूरी हो सकती है जिससे आपका मन प्रसन्न होगा। आज आप अपने काम में काफी व्यस्त रहेंगे।

तुला राशि के लोगों के लिए आज का दिन सफलतादायक होगा। मेहनत का आपको पूर्ण प्रतिफल मिलेगा। कार्यस्थल पर आज आपको सावधान रहना होगा विरोधी सक्रिय रहेंगे। आपके लिए सलाह है कि आज आप किसी पर भी आंख मूंदकर भरोसा नहीं करें।

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। आपको अपने दैनिक कामकाज में सजग और सतर्क रहना होगा। सेहत के मामले में दिन नरम गरम रह सकता है। आज आपको अपने रिश्तेदारों से कोई खास उपहार मिल सकता है। दाम्पत्य जीवन प्रेम से भरपूर रहेगा।

धनु राशि के लोगों के लिए आज का दिन लाभदायक होगा। कोई पुराना निवेश आपको अच्छा रिटर्न दे सकता है। नौकरीपेशा लोगों को आज अच्छी कमाई हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आज आपका प्रभाव और सम्मान बढ़ेगा।

मकर राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि,आपका काम आज सुचारू रूप से चलेगा। आपको अपने काम में आज बड़ी सफलता मिलेगी। जो लोग नौकरी की तलाश में हैं उनको आज कोई अच्छी खबर मिल सकती है। शिक्षा के क्षेत्र में आज मकर राशि के जातक बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

कुंभ राशि के जातकों के लिए आज मंगलवार का दिन बेहद मंगलकारी रहने वाला है। आज आपको कारोबार में खूब लाभ मिलेगा। नौकरी में आज आपको सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। आज किसी ऐसे व्यक्ति से आपको मदद मिल सकती है जिसकी आपको उम्मीद भी नहीं होगी।

मीन राशि के लोगों को आज मंगलवार का दिन मिलाजुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में आज कुछ उलझन और परेशानियों का सामना करना होगा। दिन के दूसरे भाग में आज अचानक से कुछ नया काम आपको मिल सकता है। सेहत के मामले में आज आपको अपना ध्यान रखना होगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# लायंस क्लब के 63वें अधिष्ठापन में गुलाब के फूलों संग हुआ शपथ ग्रहण

एनएनआई

**आगरा।** लायंस क्लब ऑफ आगरा ने अपना 63वां अधिष्ठापन एवं चार्टर नाइट समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन संजीव तोमर रहे, जिन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराते हुए अनोखे अंदाज में प्रत्येक सदस्य को गुलाब का फूल गुलदस्ते में रोपित कर अधिष्ठापित किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि जिस प्रकार एक अकेला गुलाब कांटेदार होता है, लेकिन जब अनेक गुलाब मिलकर एक गुलदस्ता बनाते हैं तो वह सुगंध से वातावरण को महका देता है। उसी तरह लायंस क्लब के सदस्य भी एकजुट होकर कार्य करेंगे तो संस्था और अधिक सशक्त एवं समाजोपयोगी बनेगी। चार्टर नाइट समारोह में मुख्य अतिथि लायन संजीव तोमर के साथ लायन अजय भार्गव (डिस्ट्रिक्ट वाइस गवर्नर), लायन विशाल अरोड़ा (डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी) एवं लायन संजय गुप्ता (डिस्ट्रिक्ट रीजन चेयरपर्सन) ने सभी पूर्व अध्यक्षों को चार्टर मेम्बर के रूप में स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंडलीय अतिथि लायन राजेश गोयल सहित लायन लक्ष्मी देवी गोयल (अध्यक्ष), लायन गिर्राज किशोर अग्रवाल (सचिव), एमजेएफ लायन धीरेन्द्र तायल (कोषाध्यक्ष) व क्लब के वरिष्ठ सदस्य एवं परिजन उपस्थित रहे। समारोह में सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया।




# परामर्श सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान को आगरा की दो बेटियां लखनऊ में सम्मानित

## कैप्टन शीला बहल और नम्रता मिश्रा ने बढ़ाया ताजनगरी का मान

एनएनआई

**आगरा/लखनऊ।** महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश मुख्यालय 1090 लखनऊ की ओर से यूनिसेफ के सहयोग से परामर्शदाताओं की क्षमतावर्धन के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस काउंसलरों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 'संवेदना' मानसिक स्वास्थ्य सेवा की शुरूआत की गई। कार्यशाला में प्रदेश के 80 जिलों से चयनित 35 परामर्शदाता शामिल हुए। इनमें आगरा की कैप्टन शीला बहल और नम्रता मिश्रा को परामर्श सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण रहे। यूनिसेफ से दिनेश, 1090 की अग्निहोत्री तथा प्रभारी पीपीएस प्रियंका यादव ने परामर्शदाताओं का मार्गदर्शन किया। एसएसपी बृंदा शुक्ला ने काउंसलरों की समस्याओं का समाधान किया, जबकि सृष्टि और नीरजा ने मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष सत्र लिया। कार्यशाला का आयोजन 1090 एवं बाल सुरक्षा विभाग लखनऊ कार्यालय में संपन्न हुआ। समापन सत्र में पुलिस महानिदेशक पद्मा झा ने सभी सम्मानित परामर्शदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की और समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।




# गोवा में होम्योपैथिक रिसर्च समिट में डॉ. अजय त्रिवेदी को राष्ट्रीय सम्मान

एनएनआई

**आगरा।** गोवा में आयोजित होम्योपैथिक रिसर्च समिट में आगरा के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. अजय त्रिवेदी को विशेष राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया। उन्हें यह सम्मान क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी सुनील गावस्कर, ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली तथा गोवा के सांसद राजेश वर्मा द्वारा प्रदान किया गया। समिट में देशभर से आए 200 से अधिक होम्योपैथिक विशेषज्ञों एवं शोधकर्ताओं ने एविडेंस बेस्ड रिसर्च प्रस्तुत की। इसमें होम्योपैथी के प्रभावी उपचार, आधुनिक चिकित्सा पद्धति में इसकी भूमिका, रोग-निवारण में वैज्ञानिक आधार और मरीजों पर सकारात्मक परिणामों पर चर्चा हुई। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि ह्होम्योपैथी मात्र वैकल्पिक चिकित्सा नहीं बल्कि वैज्ञानिक और प्रमाण-आधारित उपचार की सशक्त पद्धति है। एविडेंस बेस्ड रिसर्च के माध्यम से हम इसे और मजबूत बनाकर विश्व स्तर पर विस्तार दे सकते हैं।



